148 129

सत्यमेव जयते

# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Jharkhand

### e-Stamp

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-JH28627043299899S |
| Certificate Issued Date | : | 11-Jun-2020 01:46 PM |
| Account Reference | : | GOVACC (GV)/ jhsrogv07/ DEOGHAR/ JH-DG |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-JHJHSROGV07425111114712145 |
| Purchased by | : | SANDHYA DEVI |
| Description of Document | : | Article 33 Gift |
| Property Description | : | GIFT DEED |
| Consideration Price (Rs.) | : | 0 (Zero) |
| First Party | : | KALI DAS DEY |
| Second Party | : | SANDHYA DEVI |
| Stamp Duty Paid By | : | SANDHYA DEVI |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 70,500 (Seventy Thousand Five Hundred only) |

42050

----------Please write or type below this line----------

निबंधन अधिनियम........ ........ के अधीन
और छोटानागपुर/संताल परगना टेनेन्सी एक्ट की
धारा..............के अधीन भी ग्राह्य है और
इण्डियन स्टाम्प एक्ट 1899 की अनुसूचि A(1) के
खण्ड...35(b)...में यथाशत स्टाम्प सहित
(या स्टाम्प शुल्क के बिना या स्टाम्प शुल्क अंकित नहीं)

12/6/20
निबंधन पदाधिकारी

Stamp
70500

Fee
A(1), 32440
L.L. 5
P.R 2
32447

SR 0C11157701

32,447

**Statutory Alert:**

1. The authenticity of this Stamp Certificate should be verified at "www.shcilestamp.com". Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.

4.26 Dec

4.26×253565.4= 1080122

Kali Das Dey.

## दान पत्र

**दानदाता**:– काली दास दे, पिता रमेश चन्द्र दे, धर्म हिन्दु, पेशा व्यवसाय, साकिन न0 150 राजाराम मोहन राय सारणी बो बाजार, कोलकाता, पश्चिम बंगाल–700009 **आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न**

**दानग्रहितृ**:–श्रीमती संध्या देवी, पति श्री मनोज कुमार रजवार, जाति रजवार, पेशा गृहस्वामिनी, साकिन पनाहकोला, मधुपुर, थाना मधुपुर, सबडिविजन व सबरजिष्ट्री मधुपुर, जिला निबंधन कार्यालय व जिला देवघर, राज्य–झारखण्ड, राष्ट्रीयता :–भारतीय। **आधार कार्ड की छायप्रति संलग्न।**

**लेख्य प्रकार** :–दान पत्र।

**दान कृत सम्पत्ति की कीमत** :–कुल 10,80,200/- दस लाख अस्सी हजार दो सौ रूपये मात्र।

**दानकृत सम्पत्ति का विवरण** :–निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है।

विदित हो कि जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर, सबड़िविजन, सबरजिष्ट्री देवघर, हाल सबडिविजन मधुपुर, थाना मधुपुर, तालुक पाथरोल, सामील मौजा पन्हैयाकोला न0 270 के अन्दर बसौड़ी सत्व की जमीन मय कात्यानी भवन नामक मकानादि, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 5, हौल्डिंग न0 133 व 133ए पर सतीश चन्द्र दे दिनांक 29/08/1963 ईस्वी किये गये बंटवारा के अनुसार मालिक होकर निर्विवाद से भोग दखल करते हुए दिनांक 18/01/1977 ईस्वी में निबंधन कार्यालय कलकत्ता से निबंधित एक कीता वसीयत नामा दलील पुस्तक संख्या 3, जिल्द संख्या 2, पृष्ठ संख्या 56 से 62 में निबंधित जिसकी संख्या 17 वर्ष 1977 ईस्वी के द्वारा उक्त सम्पत्ति के बावत उपर्युक्त मुझ दानदाता काली दास दे के हक में एक कीता वसीयत लिख गये।



जाँच किया
A.K. Chaudhary
12-06-2020

उपर्युक्त सतीश चन्द्र दे उक्त अपने हिस्से की सम्पत्ति के बावत अंचल कार्यालय मधुपुर में नामान्तरण वाद संख्या 134/1983-84 के द्वारा दिनांक 18/02/1984 ईस्वी के आदेशानुसार अपना नाम दर्ज करवाकर थोका न0 17 के बावत वार्षिक मालगुजारी आदाय करते हुए निर्विवाद रुप से भोग दखल करते रहें।

उपर्युक्त सतीश चन्द्र दे का स्वर्गवास हो जाने पर उक्त वसीयत का प्रोबेट No. 56 of 1985 In The High Court at Calcutta Testamentary and intestate Jurisdiction के द्वारा होने पर उपर्युक्त मैं दानदाता उक्त सम्पत्ति का एकमात्र मालिक होकर आजतक निर्विवाद रुप से भोगवान व दखलकार हूँ।

अंचल कार्यालय मधुपुर के संख्या 106, दिनांक 17/12/2019 ईस्वी के द्वारा भुमि हस्तान्तरणीय सत्यापित है।

उपर्युक्त दानग्रहितृ उक्त सम्पत्ति की देखभाल किया करते आ रहे है। उपर्युक्त दानग्रहिता के असीम स्नेह, कुशल व्यवहार व स्नेहपुर्ण आचरण से मैं दानदाता अत्यन्त खुश हूँ। इधर कुछ दिनों से मुझ दानदाता के मन में आन्तरिक इच्छा रही है कि उपर्युक्त दानग्रहितृ के हक में कुछ अचल सम्पत्ति दान कर दे ताकि मन को शान्ति मिले।

इसलिये आज तारीख उपर्युक्त मैं दानदाता स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दवाब या बहकावे के, या फुसलावे के या धमकावे के शुद्ध अन्तःकरण व स्वस्थ चित्त में रहकर उक्त सम्पत्ति जिसका पूर्ण विवरण निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है मय कुल हक हकूक दान ग्रहितृ के हक में दान कर दिया और दानग्रहितृ के दखल कब्जे में दे दिया जिसे दान ग्रहितृ ने सहर्ष स्वीकार व अंगीकार किया।

अब दान ग्रहितृ, मुझ दानदाता के सत्व व दखल से सत्ववती व दखलकारीणी होकर मय स्थानापन्न उत्तराधिकारी वारिसान व स्थलाभिषिक्तगण क्रम से भोग, दखल, दान, बिक्री, मौरगेज व नाना प्रकार के वारदेन व हस्तान्तरण आदि करने की अधिकारीणी होकर स्वेच्छा पूर्वक भोग दखल करती रहें, इसमें मुझ दानदाता मय वारिसान को किसी भी तरह की उज्र आपत्ति नहीं होगी न कोई कर सकेगा। अगर कोई करे तो वह न्यायालय से निरस्त होगा।

Kali Das Dey

निम्न दान कृत सम्पत्ति का मैं दानदाता ही एकमात्र मालिक हूँ, इसमें दूसरा कोई अंशदार या दखलकार नहीं है व इसके पहले निम्न सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय संयूक्त या हस्तान्तरण आदि नहीं किया हूँ, हर तरफ से साफ व पाक है।

अतएव आज तारीख मैं दानदाता स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दवाब या बहकावे के, या फुसलावे के या धमकावे के शुद्ध अन्तःकरण व स्वस्थ चित्त में रहकर यह दान पत्र लिख दिया, जो प्रमाण रहे, दिनांक

## अनुसूची सम्पत्ति

थाना नं0 270, जिला देवघर, जिला निबंधन कार्यालय देवघर, सबडिविजन व सबरजिष्ट्री मधुपुर, थाना मधुपुर, सामिल मौजा पन्हैयाकोला के अन्दर **असर्वेक्षित बसौड़ी** सत्व की हस्तान्तरणीय जमीन, रकवा स्थानीय माप से 1 कटठा 13 धुर यानि 1,856.25 वर्गफीट (एक हजार आठ सौ छप्पन दशमलव दो पॉच वर्गफीट) यानि **4.26** डिसमिल परती जमीन, अन्दर बसौड़ी महाल टाउन ''क'', अन्दर थोक्रा न0 17 अंश, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 पुराना 05, नया 14, जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया है, मय कुल हक हकूक दान किया जिसकी चौहद्दी :–

उत्तर :–फैयाज कैशर व कोल्हा मियॉ की जमीन।

दक्षिण :–रोड।

पुरब :–रोड।


पश्चिम :–बिक्रेता की जमीन।

Kali Das Dey


**घोषणा**:–उक्त बिक्रीत सम्पत्ति मुख्य सड़क में है जो आवासीय है तथा लीज से मुक्त है, निर्धारित मूल्यांकन के अनुसार स्टाम्प दिया गया है। उक्त बिक्रीत सम्पत्ति सरकारी भूमि (केशरे हिन्द भूमि/गैरमजरूआ आम भूमि/गैरमजरूआ खास भूमि/बन भूमि/जंगल आदि/विभिन्न विभागों के अर्जित/हस्तान्तरित तथा अन्य श्रेणी की सरकारी भूमि आदि) के अन्तर्गत नहीं है। उक्त दानकृत सम्पत्ति गोचर, भूहदबन्दी, आदिवासी खाते की नहीं है व कब्रिस्तान, दरगाह या अन्य धार्मिक स्थल की नहीं है तथा चारागाह के अन्तर्गत भी नहीं है।

Kali Das Dey.

दान दाता का हस्ताक्षर



दान स्वीकार किया, दान ग्रहिता का हस्ताक्षर




Bijay Kr Yadav


<u>गवाहान</u>

Bijay Kumar Yadav
S/O SRI Basudeo Yadav
C.O. Office more Madhupur

Rabindra Sharma
S/o Late Naganand Tugoria
College Road
Madhupur (Deoghar)
Jharkhand.


दानदाता का छायाचित्र, हस्ताक्षर एवं टीप निशान----





Kali Das Dey.

दानग्रहितृ का छायाचित्र, हस्ताक्षर एवं टीप निशान----





दस्तावेज पढ़कर फरीकैन को सुना व समझा दिया, प्रारूप कर्ता A.K.Pa

प्रमाणित किया जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति जिनका छायाचित्र दस्तावेज में लगा है, के बॉये हाथ के अंगूलियों के निशान मेरे द्वारा लिये गये हैं A.K.Pa

12/6/2020